दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 01 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 304

## बेरोजगारी भत्ता योजना

# मुख्यमंत्री ने 1.22 लाख हितग्राहियों के खाते में अंतरित की चौथी किश्त के रूप में 31.71 करोड़ रुपए से अधिक की राशि

- जिले के 2553 युवाओं को साढ़े 63 लाख से अधिक की राशि हुई अंतरित
- युवाओं को कौशल विकास के साथ रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत चौथी किश्त के रूप में प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 147 लाभार्थियों को चार माह तथा मई माह के शेष 373 लाभार्थियों को तीन माह का और जून माह के शेष 3028 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया।

बेरोजगारी भत्ता योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम में रायगढ़ जिले से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राही भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि रायगढ़ जिले के 2 हजार 553 युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के चौथी किश्त के रूप में 63 लाख 82 हजार 500 रुपये उनके खाते में अंतरित किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और लगातार युवाओं को नौकरियां भी मिल रही है। आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जैसे-जैसे युवा प्रशिक्षित होंगे, उन्हें कौशल अनुरूप रोजगार से जोडऩे का कार्य भी चलता रहेगा। मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता की चौथी किश्त के ऑनलाईन अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोडऩा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 36 आईटीआई के आधुनिकरण के लिए 1188.36 करोड़ परियोजना के लिए एमओयू भी किया गया है। जिससे युवाओं को 06 नवीन तकनीकी ट्रेड के साथ ही 23 शॉट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे लगभग प्रति वर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को विभिन्न उद्योगों में नियोजित कराया जाएगा। युवाओं को अपनी तरक्की के राह में आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए हमने बेरोजगारी भत्ता देने और पीएससी व व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफ कर उन्हें बड़ी राहत देने का काम किया है।

शासन की योजनाओं से प्रदेश के सभी वर्ग हो रहे हैं लाभान्वित

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। शासन की न्याय योजनाओं का दायरा बढऩे से प्रदेश के किसान, पशुपालक, भूमिहीन मजदूर, महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से अब तक 20 हजार 102 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी हितग्राहियों अंतरित की जा चुकी है। इसी तरह गोधन न्याय योजना के माध्यम से अब तक प्रदेश के गोबर विक्रेताओं को 251.08 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समूह और महिला स्व-सहायता समूह को अब तक 257.29 करोड़ रूपए का लाभांश का भुगतान किया गया है। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजूदर न्याय योजना के माध्यम से प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के भूमिहीन मजदूरों 589 करोड़ 39 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़, 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मेदिनीनगर (आरएनएस)।** झारखंड के पलामू जिले में मुहर्रम के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप लगे हैं। इस मामले में 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यह घटना चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती शाम को उस समय हुई जब मुहर्रम का एक जुलूस शाहपुर, कल्याणपुर और कंकारी जैसे इलाकों से होकर गुजरा। यह क्षेत्र राजधानी रांची से करीब 175 किलोमीटर दूर स्थित है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने कहा कि जुलूस के दौरान संगीत बजाया गया और राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया, ध्वज के साथ कथित छेड़छाड़ का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि ध्वज के रंग राष्ट्रीय ध्वज के समान ही थे, लेकिन उसमें अशोक चक्र गायब था। एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा, अशोक चक्र के स्थान पर उर्दू में कुछ शब्द लिखे थे और नीचे तलवार का निशान था। 13 नामजद समेत 18 लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### आधी रात भारतीय सीमा क्रॉस करने की कोशिश, बीएसएफ ने अरनिया सेक्टर में ढेर किया घुसपैठिया

**जम्मू (आरएनएस)।** बीएसएफ ने सोमवार को कहा कि जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया गया। बीएसएफ जवानों ने 30-31 जुलाई की मध्यरात्रि में, अरनिया सीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी और एक घुसपैठिए को बीएसएफ बाड़ की ओर आते देखा गया। बीएसएफ ने कहा, जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इससे एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने माछिल सेक्टर के काला जंगल में चार आतंकियों को ढेर कर दिया था। ये आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन मे चारों आतंकियों को ढेर कर दिया।

### यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, 13 लोग घायल, दो की हालत गम्भीर

**शहडोल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक यात्री बस के पलटने से उसमें सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये, इसमें से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उमरिया जिले के मानपुर जा रही एक बस जयसिंहनगर थाना क्षेत्रे के कौआसरई गाँव के पास कल पलट गई। इस घटना में बस में सवार 13 यात्रियों को चोट लगी। सभी घायल लोगों को जयसिंहनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया इसमें से गंभीर रुप से घायल दो लोगों मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**नरसिंहपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि नरसिंहपुर-गोटेगांव जबलपुर सडक मार्ग पर थाना ठेमी क्षेत्र के मानेगांव के पास बीती देर रात एक अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार ओकार अग्रवाल सहित उनके दो पुत्र संजय और संदीप अग्रवान की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं कार में सवार हनी और यश अग्रवाल को गंभीर हालत में जबलपुर में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि जबलपुर निवासी ओकार अग्रवाल (84) परिवार के साथ करेली में अपनी पुत्री से मिलने के लिये गये, जबलपुर लौटते समय यह घटना घटित हुई।

### जापान में खानून तूफान के कारण 260 उड़ानें रद्द

**टोक्यो ।** जापान में तूफान खानून के असर से यहां करीब 264 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर के अनुसार तूफान के सोमवार से मंगलवार तक ओकिनावा और अमामी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद है। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने तूफान के करीब आने पर आज 67 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) ने भी आज 73 उड़ानें और मंगलवार को 124 उड़ानें रद्द कर दी हैं।

## चलती ट्रेन में भिड़े आरपीएफ के जवान, फायरिंग में एएसआई समेत चार यात्रियों की मौत



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पालघर में एक बड़ी वारदात हुई है। यहां जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने अपने सहकर्मी और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। जीआरपी कंट्रोल के मुताबिक, घटना सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे विरार और मीरा रोड रोड स्टेशनों के बीच हुई।

ऑन-ड्यूटी आरपीएफ के दो कांस्टेबलों के बीच हुए झगड़े में एक ने दूसरे पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलीबारी में एक कांस्टेबल और एक महिला समेत तीन अन्य यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस और आरपीएफ अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

मीरा रोड बोरीवली के बीच जीआरपी मुम्बई के जवानों ने आरोपी कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बोरीवली पुलिस स्टेशन में लाया गया। जानकारी के अनुसार दोनों आरपीएफ कर्मी ऑन ड्यूटी पर थे और ऑफिशियल काम से मुंबई आ रहे थे। इस दौरान आरोपी जवान ने अपनी सर्विस गन से फायरिंग कर दी।

### ईडी का बड़ा एक्शन

## माहिरा ग्रुप के ठिकानों पर रेड कर जब्त की करोड़ों की संपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने हाल ही में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत धरम सिंह छोकर और परिवार के स्वामित्व एवं नियंत्रण वाले माहिरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और माहिरा समूह की अन्य कंपनियों के समालखा (हरियाणा) और दिल्ली में 11 ठिकानों पर छापेमारी की है। तलाशी के दौरान लगभग चार करोड़ रुपये की चार लक्जरी कारें, 14.5 लाख रुपये के आभूषण, 4.5 लाख रुपये की नकदी और घर खरीददारों के पैसों की हेराफेरी से संबंधित सबूत जब्त किए गए।

ईडी ने माहिरा इंफ्राटेक के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस द्वारा धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की। कंपनी ने किफायती आवास योजना के तहत 1,497 घर खरीददारों से लगभग 360 करोड़ रुपये एकत्र किए थे, जिसमें गुरुग्राम के सेक्टर 68 में घर देने का वादा किया गया था। हालाँकि, वह मकान वितरित करने में विफल रही और कई समय सीमाओं से चूक गई। घर खरीदार पिछले एक साल से माहिरा ग्रुप के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं और वादे के अनुसार घरों की जल्द से जल्द डिलीवरी की मांग कर रहे हैं। ईडी की जांच से पता चला कि उक्त इकाई ने समूह संस्थाओं में फर्जी निर्माण व्यय की बुकिंग करके घर खरीदारों के पैसे की हेराफेरी की। माहिरा समूह के निदेशकों/प्रमोटरों द्वारा नकली बिल/चालान प्रदान करने वाली संस्थाओं से नकली खरीद के बराबर नकद वापस प्राप्त किया गया था, जिसका उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था। कई व्यक्तिगत पारिवारिक व्ययों को भी समूह संस्थाओं में व्यावसायिक व्यय के रूप में दर्ज किया गया था।

निदेशकों ने व्यक्तिगत लाभ के लिए घर खरीदारों के पैसे को अन्य समूह संस्थाओं को ऋण के रूप में हस्तांतरित कर दिया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि माहिरा समूह के निदेशकों ने अकेले माहिरा इंफ्राटेक (घर से संबंधित) के सेक्टर 68 हाउसिंग प्रोजेक्ट के खरीददारों से लगभग 107.5 करोड़ रुपये (57 करोड़ रुपये की सीमा तक फर्जी खर्च और समूह संस्थाओं को 50.50 करोड़ रुपये की सीमा तक ऋण की हेराफेरी की। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, अन्य चार किफायती हाउसिंग प्रोजेक्ट के वित्तीय लेनदेन के संबंध में जांच जारी है।

माहिरा ग्रुप के निदेशक धरम सिंह छोकर, सिकंदर सिंह और विकास छोकर तथा अन्य प्रमुख कर्मचारी ईडी की तलाशी के दौरान अनुपस्थित रहे और आज तक जांच में शामिल नहीं हुए हैं। तलाशी अभियान के दौरान माहिरा समूह के कार्यालयों और बैंक खातों के संबंध में रोक लगाने के आदेश जारी किए गए थे। मामले की आगे की जांच जारी है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना जल्द पूरी होगी : गडकरी



**गुरुग्राम (आरएनएस)।** केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही इस पर यातायात शुरू हो जाएगा। गुडग़ांव के सेक्टर 9ए में इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी और चाणक्य वार्ता परिवार द्वारा स्थापित किए जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल कल्चरल सेंटर के शिलान्यास और तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने यह बात कही।

मंत्री ने कहा कि जैसे ही इस एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो जाएगा, द्वारका और पुराने गुरुग्राम क्षेत्र के निवासी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का उपयोग करके सोहना के माध्यम से केवल दो घंटे में जयपुर पहुंच सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का बोझ होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली में बन रही नई आउटर रिंग रोड का काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद पानीपत से आईजीआई एयरपोर्ट तक का सफर दो घंटे की जगह सवा घंटे में पूरा होगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिवमूर्ति के पास इस रोड पर आठ लेन जमीन के अंदर और आठ लेन जमीन के ऊपर मजबूत सडक़ नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

गडकरी ने कहा, यह सडक़ विशेष रूप से गुरुग्राम, आईजीआई हवाई अड्डे, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली से चंडीगढ़ और उससे आगे जाने वाले यातायात के लिए एक तेज़ लिंक सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना रिंग रोड और बाहरी रिंग रोड सहित दिल्ली की सडक़ों पर मौजूदा यातायात भार को कम करने में मदद करेगी क्योंकि जयपुर और चंडीगढ़ से आने वाले वाहन इसे बाईपास के रूप में उपयोग कर सकेंगे।

वर्तमान में, ऐसे यातायात को धौला कुआं खंड, रिंग रोड और बाहरी रिंग रोड से गुजरना पड़ता है, जिसमें अधिक समय लगता है और राष्ट्रीय राजधानी में भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण होता है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की तिरुवनंतपुरम में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से शारजाह जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इसके बाद सोमवार को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया।

सुबह 10.53 बजे 154 यात्रियों और चालक दल को लेकर तिरुचिरापल्ली से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद खबर आई कि इसे इमरजेंसी लैंडिंग कराने की जरूरत है। करीब 50 मिनट तक हवा में रहने के बाद यह तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतर गया। पूर्ण आपात स्थिति के अलावा हवाईअड्डे पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान की तिरुवनंतपुरम में लैंड कराने का एक कारण एयर इंडिया हैंगर की उपस्थिति भी थी। विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

## पैर फिसला और नहीं बना पाए संतुलन... खतरनाक स्टंट के लिए मशहूर ल्यूसिडी की 68वीं मंजिल से गिरकर मौत



**हांगकांग ।** अपने खतरनाक स्टंट के लिए मशहूर 30 वर्षीय रेमी ल्यूसिडी की हांगकांग के 68 मंजिला ट्रेगुंटर टॉवर परिसर से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके फैन्स के लिए ये खबर बेहद दुखद है। 30 वर्षीय रेमी लुसिडी इमारत में करतब दिखाने के लिए घुसे थे लेकिन वह माना जा रहा है कि वह ऊपरी मंजिल के पेंटहाउस के बाहर फंस गए थे।मदद पाने की बेताब कोशिश में, उसने हड़बड़ी में एक खिडक़ी पर दस्तक दी, जिससे अंदर मौजूद एक नौकरानी चौंक गई। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह खुद को काबू में नहीं कर पाएं और 68वीं मंजिल से गिर गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हांगकांग के अधिकारियों के अनुसार, मिस्टर ल्यूसिडी को शाम करीब 6 बजे इमारत में देखा गया और उन्होंने गेट पर सुरक्षा गार्ड को बताया कि वह 40वीं मंजिल पर एक दोस्त से मिलने आए हैं।

मीडिया आउटलेट ने बताया कि कथित मित्र द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद कि वह ल्यूसिडी से परिचित नहीं था सुरक्षा द्वार ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक वह पहले से ही लिफ्ट में था। सीसीटीवी फुटेज में मिस्टर ल्यूसिडी को 49वीं मंजिल पर आते और बाद में इमारत के शीर्ष पर सीढ़ी चढ़ते हुए दिखाया गया है। लोगों को छत की ओर जाने वाली खिडक़ी खुली हुई मिली, लेकिन उनका कहना है कि वह आदमी कहीं नहीं मिला। हालाँकि, उन्हें शाम 7.38 बजे कॉम्प्लेक्स के पेंटहाउस की खिडक़ी पर थपथपाते हुए जीवित देखा गया, जिससे अपार्टमेंट की एक नौकरानी को पुलिस को फोन करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मिस्टर ल्यूसिडी पेंटहाउस के बाहर फंसे हुए थे और अपना संतुलन खोने से पहले मदद के लिए खिडक़ी पर हाथ मार रहे थे। पुलिस को घटनास्थल पर मिस्टर ल्यूसिडी का कैमरा मिला और उसमें उनके ऊंची ऊंचाई वाले स्टंट के वीडियो थे।

## दीपक कुमार गोस्वामी ने नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के एडमिरल अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रियर एडमिरल दीपक कुमार गोस्वामी ने रियर एडमिरल केपी अरविंदन, एवीएसएम, वीएसएम से एडमिरल अधीक्षक, नौसेना डॉकयार्ड (एएसडी), मुंबई के रूप में कार्यभार संभाला।आरएडीएम दीपक कुमार नेवल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आईएनएस शिवाजी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें नवंबर 1988 में भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उनके पास आईआईटी मद्रास से मरीन इंजीनियरिंग में बी-टेक डिग्री और कंप्यूटर साइंस में एम-टेक डिग्री है। वह कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज, दिल्ली से भी स्नातक हैं।35 वर्षों के अपने करियर में, आरएडीएम दीपक कुमार ने विभिन्न क्षमताओं में भारतीय नौसेना की उत्कृष्टता के साथ सेवा की है, जिसमें आईएचक्यू एमओडी (नौसेना), कमांड मुख्यालय, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई और नौसेना जहाज मरम्मत यार्ड में नियुक्तियां शामिल हैं। उन्होंने गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट्स गोदावरी, गोमती और ब्यास पर काम किया है। उनकी स्टाफ नियुक्तियों में सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय और कार्मिक निदेशालय में कार्यकाल शामिल हैं। फ्लैग ऑफिसर ने नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में प्रबंधक और उप महाप्रबंधक के रूप में, एचक्यूईएनसी में कमांड इंजीनियर अधिकारी के रूप में, एचक्यूडब्ल्यूएनसी में कमांड रिफिट अधिकारी के रूप में और कमोडोर अधीक्षक यार्ड, नौसेना जहाज मरम्मत यार्ड, पोर्ट ब्लेयर के रूप में कार्य किया है। संस्थान में उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा होने पर उन्हें सीडीएम में निदेशक स्टाफ के रूप में नियुक्त किया गया था।फ्लैग रैंक पर पदोन्नत होने पर, अधिकारी को 19 मार्च 2021 को एडमिरल अधीक्षक, नौसेना जहाज मरम्मत यार्ड, कारवार के रूप में नियुक्त किया गया और इसके बाद उन्होंने एएसडी के रूप में नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई की बागडोर संभाली। रियर एडमिरल केपी अरविंदन, भारतीय नौसेना में 36 साल की कमीशन सेवा के शानदार करियर के पूरा होने पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।